राजस्थान विश्वविद्यालय में लम्बे समय बाद सिण्डीकेट की नियमित बैठक, विश्वविद्यालय का बजट पारित

जयपुर– 29 दिसंबर। राजस्थान विश्वविद्यालय सिण्डीकेट की आज लम्बे अंतराल के बाद नियमित बैठक कुलपति प्रो. राजीव जैन की अध्यक्षता में कोरोना संक्रमण से जुड़े दिशा–निर्देशों, जिनमें सोशियल डिस्टेंसिंग व मास्क की अनिवार्यता शामिल है, के साथ आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्थान विश्वविद्यालय का वर्ष 2020–21 का बजट पारित किया गया।

विश्वविद्यालय सिण्डीकेट ने आज विश्वविद्यालय में 2018 से कार्य कर रहे नवनियुक्त शिक्षकों का परिवीक्षाकाल (प्रोबेशन पीरियड) दो वर्ष पूर्ण करने के बाद नियमानुसार उन्हें स्थायी किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों की पदोन्नति के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने का निर्णय भी इस बैठक में लिया गया।

विश्वविद्यालय सिण्डीकेट की एक लम्बे समय के बाद आयोजित की गई इस बैठक में विश्वविद्यालय की पूर्व में आयोजित सिण्डीकेट बैठकों सहित बोर्ड ऑफ इंस्पेक्शन के कार्यवाही विवरण पर भी चर्चा कर उन्हें अनुमोदित किया गया। साथ ही बैठक में विश्वविद्यालय में नवनिर्मित केन्द्रीय पुस्तकालय के भवन की आंतरिक सुसज्जा कर उसे छात्रों की सुविधा के लिए शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जयपुर व दौसा स्थित पी. जी. कॉलेज जहां रिसर्च सेन्टर स्थापित नहीं है, ऐसे कॉलेजों में नियमानुसार रिसर्च सेंटर स्थापित किये जाने का भी निर्णय लिया गया। 08 जनवरी 2021 को वर्चुअल रियलिटी मोड पर आयोजित किए जाने वाले 30वें दीक्षांत समारोह से जुड़ी तैयारियों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीयकृत बैंकों की स्थापना को प्रारम्भ करने के संबंध में भी विस्तृत विचार–विमर्श इस बैठक में किया गया।

विश्वविद्यालय में आयाजित होने वाली सिण्डीकेट बैठकों के कार्यवाही की रिकॉर्डिंग किये जाने के साथ ही शोध छात्रों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर भी बैठक में विचार कर निर्णय लिया गया।

(डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत)
जनसम्पर्क अधिकारी